# नोंकझोंक के साथ नगर निगम का वार्षिक बजट पास

## परिषद में वार्षिक आम बजट पेश, विधायक भी रहे मौजूद, चर्चा के दौरान ही कांग्रेस के पार्षद चुपचाप निकले

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। नगर पालिक निगम सिंगरौली के सभागार में आज दिन बुधवार को नपानि सभापति देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता एवं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, मेयर रानी अग्रवाल एवं निगमायुक्त सविता प्रधान, उपायुक्त आरपी बैस तथा कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में वर्ष 2026-27 में आम बजट को लेकर बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में सबसे पहले आगामी बजट को लेकर चर्चा शुरू हुई। जहां एमआईसी सदस्य एवं वृत्त-लेखा मंत्री शशि पुष्पराज सिंह ने बजट पेश किया। बजट को लेकर सभी पार्षदों ने सराहना किया, इसके बाद अध्यक्ष के अनुमति पर पार्षदों ने चर्चा किया। बजट में खामियों को भी गिनाया। अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि साढ़े 3 सौ करोड़ रूपये बजट में 100 करोड़ रूपये बजट क्यों कम कर दिया गया। इसका जवाब एमआईसी सदस्य शशि सिंह एवं मेयर रानी अग्रवाल भी नही दे पाई। इसी बात को लेकर सत्ता एवं विपक्ष पार्षदों में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। अंत में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शिलक सहित अनुमानित आय 34805.89 लाख तथा अनुमानित व्यय 30560.50 लाख का बजट तैयार किया गया है, जिसमें राजस्व आय में अनुमानित आय 19841.50 लाख, पूँजीगत प्राप्तियों में 10351.00 लाख पिछली राजस्व आय 429.30 लाख एवं शिलक 4184.09 लाख है। इसी प्रकार

राजस्व व्यय के अन्तर्गत अनुमानित व्यय 30560.50 लाख तथा पूँजीगत व्यय के अन्तर्गत 18754.00 एवं राजस्व आय 11806.50 लाख कुल अनुमानित व्यय राशि 30560.50 लाख प्रस्तावित किया गया है। परिषद की बैठक में सभी पार्षदों ने बजट को हरी झण्डी दिया। इसके बाद अध्यक्ष ने बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इसके पूर्व पार्षद सीमा जायसवाल ने बजट पर चर्चा करते हुये कहा कि डेढ़ साल पूर्व वार्ड क्रमांक 40 के धर्मशाला को जमीदोज कराया गया। आज तक इसपर कार्य आरंभ नही हुआ। पुराना अस्पताल को ध्वस्त कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव है।

इसीतरह गल्ला मण्डी के विस्तार का प्रस्ताव की फाईले धूल खा रही हैं। इसीलिए बजट का पैसा उपयोग नही हो पा रहा है। उन्होंने कहा है कि वाटर सप्लाई के चलते निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप कार्य न कराए जाने से सड़के धस रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड प्रवेश द्वार वर्ष 2011 से प्रस्तावित है और आज तक गेट भी नही बन पाया है।

पीएम आवास पर चर्चा करते हुये कहा है कि फेस-2 के लिए जमीने कहां-कहां चिन्हित हैं, इसे बताएं। वहीं कांग्रेस के पार्षद परमेश्वर पटेल, शेखर सिंह, रामगोपाल पाल, बंतौ कौर चुपचाप बैठक के दौरान ही निकल पड़े। इधर ननि अध्यक्ष ने महापौर से सवाल करते हुये कहा कि 100 करोड़ बजट में कटौती क्यों की गई। साढ़े 3 सौ करोड़ के बजट को ढाई सौ करोड़ बजट क्यों कर दिया गया। जबकि शहर बढ़ रहा है, आबादी बढ़ रही है और ननि का बजट घट रहा है, ऐसा क्यों? हालांकि इसका जवाब ननि मेयर ने नही दिया।

### बजट वृहद होगा, तभी हम विकास करेंगे : रामनिवास

परिषद की बैठक में शामिल सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने आम बजट पर अपना विचार व्यक्त करते हुये कहा कि यह बजट पर आप सब की दृष्टि क्या है, आगे करेंगे क्या, बजट वृहद होगा, तभी हम विकास करेंगे। जब बजट बढ़ाएंगे, तभी प्रदेश एवं केन्द्र सरकार से अतिरिक्त राशि मांगने के हकदार रहेंगे। बजट बढ़ा कर ही पेश करना चाहिए। विधायक ने सीवरेज लाइन, अमृत जल, पाइप लाइन, गैस पाइप लाइन के संविदाकारों पर निशाना साधते हुये कहा है कि सड़क खोदने के बाद समयसीमा में कार्य को पूर्ण नही करते, जिससे आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और लोगबाग बेवजह प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हैं, जबकि यह कार्य नगर निगम सरकार है। विधायक ने मेयर पर भी निशाना साधते हुये कहा कि कम से कम इसपर नगर सरकार भी देखा भी किया करें।

### बजट बढ़ाएं, तभी अच्छे कार्य होंगे : भारतेन्दु

वार्ड क्रमांक 31 के भाजपा पार्षद भारतेन्दु पाण्डेय ने बजट पर चर्चा करते हुये कहा कि सीवरेज एवं पाइप लाइन के ठेकेदारों ने सड़को को तहस-नहस कर दिया है। पाइप लाइन के ठेकेदारों ने खोद कर सिकुड़ दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों का यह हाल है। यहां तक कि ठेकेदारों ने नई-नई नालियों को भी तहस-नहस कर दिया है। नाली एवं सड़क के लिए अतिरिक्त बजट में शामिल किया जाए और पार्षद ने यह भी कहा कि एक बार नगर निगम की टीम सब के साथ चले और क्षतिग्रस्त सड़को का हाल देख ले। पार्षद ने कहा कि कड़ी मशक्कत के बाद वार्ड में एक तालाब एनटीपीसी के सीएसआर मद से मंजूर हुआ, उसमें भी नगर निगम में राजनीति चल रही है। नल-जल योजना, अमृत-2 के कार्य की समयसीमा क्या है। नल-जल योजना से पानी की सप्लाई करीब आधे घंटे तक ही की जाती है।

### मोरवा विस्थापन को लेकर ननि का कार्य योजना जीरो : शेखर

पार्षद शेखर सिंह ने अहम सवाल उठाते हुये कहा है कि ननि के मोरवा जोन से आय मिलती थी, वह अब बंद हो गई है। मोरवा जोन के 8 वार्ड विस्थापित होने के कगार में है और इससे निपटने के लिए अभी तक ननि के द्वारा कोई योजना नही बनाई गई है। जबकि यह सबसे बड़ा विस्थापन होगा। नगर निगम इसके प्रति गंभीर क्यों नही है, अभी तक क्या योजना बनाई गई, इसका जवाब चाहिए। हालांकि नगर निगम के अधिकारियों ने गोलमाल तरीके से जवाब दिया और कहा कि सड़क, नाली निर्माण, बिजली एवं पानी के लिए कार्य किया जाएगा। अन्य निर्माण कार्य नही होंगे। वहीं विधायक ने कहा कि यह सुझाव बहुत अच्छा है। नगर निगम इसे गंभीरता से ले और इसपर कार्य करें। ननि अध्यक्ष ने भी पार्षद के सुझावों का स्वागत करते हुये कहा कि इसपर मोरवा जोन के सभी पार्षद एवं अधिकारी बैठ कर एक कार्ययोजना बनाएं।

# शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है : राधा

## मंत्री एवं विधायक की मौजूदगी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आज दिन बुधवार को राज्यमंत्री राधा सिंह की अध्यक्षता एवं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर गौरव बैनल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, जिपं उपाध्यक्ष अर्चना सिंह एवं जिपं सीईओ जगदीश गोमे की उपस्थिति में शासकीय कन्या उमा विद्यालय बैढ़न में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।**

इस विशेष अवसर पर राज्यमंत्री ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राधा सिंह ने विद्यार्थियों को शासन की ओर से नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों और स्टेशनरी किट का वितरण किया। साथ ही पात्र छात्र-छात्राओं को आवागमन की सुविधा के लिए नि:शुल्क साइकिलें भी प्रदान की। राज्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है और प्रदेश सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा और उनके नामांकन पर जोर दिया। वहीं कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान कोई भी प्रवेशी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, खेल को बढ़ावा देने को मद्देनजर रखते हुये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि: शुल्क कोचिंग क्लासेंस प्रदान करने के साथ-साथ सीएसआर मद से स्पोर्ट फैसिलिटी का निर्माण कर खेलकूद को भी बढ़ावा दिया जायेगा। तथा बच्चो का जहां स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाकर समय-समय पर उन्हे नि:शुल्क दवाओ का वितरण कराया जा रहा है। वही विद्यालयों में अध्ययनरत 9 से 14 वर्ष की छात्राओं को शिविर लगाकर एचपीव्ही टीकाकरण भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में बने सेल्फी प्वाईट पर बच्चो का उत्साह वर्धन करने के लिए उनके साथ मुख्य अतिथि सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा सेल्फी ली गई। इस अवसर पर पार्षद सीमा जयसवाल, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला सहित विद्यालाय के शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं आम जन मानस मौजूद रहे।

## एक नजर में

### कलेक्टर व एसपी आज बनेंगे मास्साहब

**सिंगरौली।** जिले के शासकीय विद्यालयों में इस बार का प्रवेशोत्सव कुछ खास होने वाला है। आगामी 4 अप्रैल को जिले के आला अधिकारी क्लासरूम में ब्लैकबोर्ड के पास नजर आएंगे। मुख्यमंत्री के सान्निध्य में आयोजित स्कूल चले हम अभियान के तहत जिला प्रशासन ने एक अनोखी पहल की है। कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 4 अप्रैल को जिले के बड़े अधिकारी अलग-अलग स्कूलों में जाकर बच्चों को एक पीरियड तक पढ़ाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनका मार्गदर्शन करना है।

### देवरी गांव में फांसी के फंदे पर झूला युवक

**सिंगरौली।** पुलिस चौकी खुटार के ग्राम देवरी निवासी एक 21 वर्षीय युवक बीती रात घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। चौकी प्रभारी शीतला यादव के अनुसार ग्राम देवरी निवासी निलेश कुमार दुबे पिता विनोद कुमार दुबे उम्र 21 वर्ष घर के अंदर फांसी लगाकर अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# चार श्रम संहिताओं के खिलाफ आज काला दिवस मनाया गया : संजय

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों और एसोसिएशनों के मंच ने 1 अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाया गया।**

भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी म.प्र. के राज्य कार्यकारी सदस्य संजय नामदेव ने अपने साथियों के साथ माजन मोड़ बैढ़न स्थित राजीव चौक के सामने चार श्रम कानूनों का प्रतियां जलाते हुये विरोध किया और कहा कि ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम-विरोधी, नियोक्ता-समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही हैं, जिन्हें तथाकथित श्रम सुधार और ऐसे ऑफ डोइंग बिजनेस के नाम पर लाया गया है। 12 फरवरी की ऐतिहासिक आम हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है। इसके अलावा इन संहिताओं के मसौदा तैयार करने के चरण से ही ट्रेड यूनियनों जैसे हितधारकों से कोई परामर्श नहीं किया गया।

# गेहूँ की अब तक नहीं शुरू हुई खरीदी : धर्मेन्द्र

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 1 अप्रैल। भाजपा सरकार द्वारा गेहूँ खरीदी में की जा रही देरी के कारण क्षेत्र के गरीब एवं मध्यम वर्गीय किसान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।**

उक्त आरोप जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण के उपाध्यक्ष धमेन्द्र दुबे ने कहा कि किसानों की उपज खरीदी केन्द्रों में समय पर नहीं खरीदी जा रही है, जिससे उन्हें मजबूरन अपना गेहूँ खुले बाजार में औने-पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है। कई किसानों के घरों में शादी-विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रम निर्धारित हैं, जिनकी आवश्यकता पूर्ति के लिए उन्हें तत्काल धन की जरूरत होती है। ऐसी परिस्थिति में शासन की लापरवाही के कारण किसानों को कम कीमत पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है, जो अत्यंत चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के महामंत्री धर्मेन्द्र दुबे ने कहा कि यदि शीघ्र ही गेहूँ खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु एवं तेज नहीं किया गया, तो किसानों की स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी।

# श्री हनुमान जी के प्राकट्योत्सव पर बैढ़न में होगा आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। श्रीराम भक्त हनुमान जी के पावन प्राकट्योत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय बैढ़न में आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।**

दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत आज दिन बुधवार को बड़े हनुमान मंदिर में 24 घंटे के श्रीरामचरितमानस पाठ एवं सुंदरकांड पाठ के साथ हो चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार कल दिन गुरुवार को इस आयोजन का मुख्य आकर्षण शोभायात्रा होगी, जो वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर निगम कार्यालय के सामने स्थित शिव मंदिर प्रांगण से दोपहर 3:30 बजे किया जाएगा। यह यात्रा बिलौंजी मेन रोड, पुराना यातायात तिराहा, लाडली पथ, थाना चौक, अंबेडकर चौक, तुलसी मार्ग होते हुए जय स्हतंभ चौक हनुमान मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। पूरे बैढ़न शहर को इस अवसर पर भगवा झंडों, तोरण द्वारों, झालरों और फूलों से आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा जगह-जगह स्वागत मंच भी बनाए जा रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा।

# खेलकूद प्रतियोगिता में अमलोरी ने 51 अंकों से खड़िया को दी शिकस्त

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी एनसीएल की केंद्रीय कर्मशाला इकाई में संविदाकर्मियों के लिए अंतर क्षेत्रीय संवर्धन खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया।**

इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्गों में विभिन्न श्रेणियों शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, टग ऑफ वार, रिले रेस, पिचर रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप संबंधी मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में 18 मैच खेले गए, जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 301 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 241 पुरुष एवं 43 महिलाएं शामिल रहीं। अंतर क्षेत्रीय संवर्धन खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान महाप्रबंधक राजेश त्रिवेदी, जेएस गुलाटी, अजय कुमार, श्यामधर दुबे, लाल पुष्परज सिंह सहित अन्य एवं इकाइयों से विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इधर प्रतियोगिता के फाइनल में अमलोरी ने 51 अंकों से विजेता खिताब तथा खड़िया परियोजना ने 45 अंकों सहित उपविजेता खिताब अपने नाम किया।

# खनिज राजस्व वसूली में सिंगरौली ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, प्रदेश में शीर्ष पर

## जिले को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित खनिज राजस्व लक्ष्य 4833 करोड़ रुपये के विरुद्ध 4681.05 करोड़ रुपये की हुई वसूली

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। सिंगरौली जिले ने खनिज राजस्व एवं कर वसूली के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए प्रदेश में अपनी शीर्ष स्थिति बरकरार रखी है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश एवं खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल की सतत निगरानी के चलते जिले ने वर्ष 2025-26 में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।**

विभागीय अधिकारियों और अमले के लगातार प्रयासों का परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आया है। बीते 30 मार्च की स्थिति में जिले को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित खनिज राजस्व लक्ष्य 4833 करोड़ रुपये के विरुद्ध 4681.05 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। यह लक्ष्य का 96.86 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 600.96 करोड़ रुपये अधिक है, जो जिले की राजस्व क्षमता और प्रशासनिक दक्षता को दर्शाता है। वहीं खनिज राजस्व के साथ-साथ सड़क विकास एवं अधोसंरचना कर की वसूली में भी सिंगरौली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। निर्धारित 970 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 946.80 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो लक्ष्य का 97.61 प्रतिशत है। यह राशि गत वर्ष की तुलना में 69.59 करोड़ रुपये अधिक बताई गई है। साथ ही जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति और खनिज अमले द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया गया। सतत जांच एवं निगरानी के परिणामस्वरूप कुल 289 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों में कार्रवाई करते हुए 2.20 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई। इधर विभागीय दस्तावेज के अनुसार रेत खनिज से प्राप्त रॉयल्टी इस राजस्व में शामिल नहीं है। वर्ष 2025-26 के लिए रेत खनिज की निविदा राशि 68.59 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसे म.प्र. राज्य खनिज निगम को जमा किया जाना है। इससे जिले की आर्थिक स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद है।

# अचानक बदला मौसम की मिजाज, हुई बूंदाबांदी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। बुधवार की अल सुबह से ही अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। देखते ही देखते सुबह 9 बजे बूंदाबांदी शुरू होने लगी।**

हालांकि बूंदाबांदी करीब 10 मिनट तक ही हुई, लेकिन इससे फसलों को नुकसान नही हुआ। लेकिन किसानों के माथे पर चिंता छा गई है। ऊर्जाधानी में आज दिन बुधवार की सुबह से ही अचानक बदला मौसम का मिजाज, तेज हवा गरज चमक के साथ रिमझिम बारिश हुई शुरू। पिछले 10 मिनट से जिले के विभिन्न इलाकों में हो रही है रिमझिम बारिश, किसानों की चिंता की बड़ी लकीरें खीच गई। हालांकि 1 घंटे के बाद आसमान खुल गया।

# सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं वार्ड स्तरीय आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर

## अध्यक्ष प्रमिला देवी की अध्यक्षता में नगर परिषद बरगवां की बैठक आयोजित, 64.47 करोड़ रुपये का विकासोन्मुख बजट प्रस्तुत

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 1 अप्रैल। नगर परिषद बरगवां की परिषद बैठक नगर परिषद कार्यालय बरगवां में परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 64 करोड़ 47 लाख 48 हजार 151 रुपये का विकासोन्मुख बजट प्रस्तुत किया गया।**

परिषद बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रस्तुत बजट में नगर परिषद क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए सड़क निर्माण, आरसीसी नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, विद्युत व्यवस्था सुधारने तथा सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई है। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के

वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक विभिन्न स्थानों पर पीसीसी सड़क निर्माण, आरसीसी नाली निर्माण, सब्जी मंडी क्षेत्र में पानी की टंकी निर्माण, टीन शेड निर्माण, नवीन सामुदायिक भवन निर्माण, सार्वजनिक उपयोग की आवश्यक सुविधाओं का विस्तार तथा लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मेश्राम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमित सिंह सहित नगर परिषद के सभी पार्षदगण एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले : प्रमिला

परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर परिषद बरगवां क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना परिषद की प्राथमिकता है। परिषद द्वारा स्वीकृत सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाएगाए जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट नगर परिषद बरगवां को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं विकासशील नगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा परिषद द्वारा भविष्य में भी जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।